कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-292, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 02 मई, 2024


# कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के बेटे करण का टिकट पक्का!



**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपों में घिरे बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह का कैसरगंज से लोकसभा टिकट कटना तय माना जा रहा है। उनकी जगह बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा जाना तय हुआ है। जल्द ही करण के नाम का ऐलान किया जाएगा।

टिकट को लेकर बने संस्पेंस को खत्म करते हुए भाजपा ने बीच का रास्त निकाला है। भाजपा को आशंका था कि बृजभूषण का टिकट कटने से ठाकुर बिरादरी नाराज हो सकती है। बृजभूषण सिंह का 6 सीटों पर प्रभाव है। उनके बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह ने भी इसका ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-करण भूषण सिंह को कैसरगंज से बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसी खबर है कि करण भूषण कल यानी 3 मई को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

## यूएन में फिलिस्तीन का समर्थन कर भारत का इजरायल को झटका

**नई दिल्ली।** भारत ने इजरायल और फिलिस्तीन को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिसे इजरायल के लिए एक झटके के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में इजरायल और फिलिस्तीन के लिए 2 राज्य समाधान का समर्थन किया। संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने कहा कि भारत 2 राज्य समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमा के भीतर एक स्वतंत्र देश में रह सकेंगे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने की बात कही। भारत के इस कदम को इजरायल के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है, जबकि इजरायल के प्रधानमंत्री फिलिस्तीनी राज्य को खतरे के रूप में देखते हैं। बता दें कि फिलिस्तीन ने पिछले दिनों यूएन की सदस्यता के लिए आवेदन किया था, जो अमेरिका के वीटो के चलते पास नहीं हो सका था।



## पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बीजेपी

भारतीय जनता पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय रूपाणी ने बठिंडा में कहा कि, "पार्टी ने फैसला किया है कि पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर हम अकेले चुनाव लड़ेंगे। हमारे 9 प्रत्याशी घोषित भी कर दिए गए हैं, एक-दो दिन में बाकी 4 प्रत्याशी भी घोषित कर दिए जाएंगे।" वहीं, राज्य में सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी भी सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## राहुल गांधी की आज कर्नाटक में दो जनसभाएं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को कर्नाटक में दो जनसभाओं में शामिल होंगे। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस ने यह जानकारी दी। वह दोपहर 1 बजे शिवमोगा के फ्रीडम पार्क में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह शाम 4.25 बजे दूसरे कार्यक्रम के लिए रायचूर के लिए रवाना होंगे। वहीं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को पहली बार मप्र आ रही हैं।

## चीन में ढह गया हाईवे, 23 गाड़ियां गड्ढे में गिरीं, 36 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश के बाद एक हाईवे का एक हिस्सा ढह जाने के कारण कई कारें ढलान से लुढ़कते हुए नीचे आ गईं और कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। मीझोउ शहर प्रशासन ने बताया कि देर रात करीब 2 बजे हाईवे का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा ढह गया जिससे 23 वाहन एक गड्ढे में गिर गए। एक सरकारी बयान के मुताबिक, हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले 2 हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के कारण हाईवे के नीचे की जमीन धंस गई और इस वजह से सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी जिसके बाद उन्होंने वहां एक बड़ा गड्ढा देखा।









# दबंग युवकों ने महिला को पीटा

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** थाना क्षेत्र के गांव सौरई मे घर के बाहर खडे होकर आपस मे गाली गलौज कर रहे युवको का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया आरोप है कि युवको ने महिला की जमकर पिटाई कर दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव सौरई निवासी रंगेश देवी ने पुलिस को बताया कि गावं के ही दो युवक नीरज और हेमंत उसके घर के सामने खडे होकर आपस मे गाली गलौज कर रहे थे इस पर रंगेश ने घर के बाहर गालिया देने से मना किया तो आरोप है कि दोनो युवको ने रंगेश देवी के साथ जमकर मारपीट की मारपीट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

थाना अध्यक्ष खंदौली राजीव कुमार सोलंकी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।



## मध्य प्रदेश बॉर्डर पर थैले तक खंगाले

**बाह एनएनआई।** मध्य प्रदेश बॉर्डर के कैंजराघाट पुल पर बासौनी पुलिस ने बुधवार को सघन चैकिंग अभियान चलाया। दो दिन पहले पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गोंड ने बासौनी पुलिस को हथियार और शराब की तस्करी को लेकर बेहद सतर्क रहने के निर्देश दिये थे। थानाध्यक्ष बासौनी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दो पहिया और चार पहिया वाहनों की सघन चैकिंग की गई। बैग, थैले, बक्से तक को खंगाला गया। चैकिंग को लेकर दिनभर हड़कंप मचा रहा।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने उठाया लाभ



## खंदौली में 31 के हुए मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**खंदौली (एनएनआई)।** कस्बा में कल्याणं करोति मथुरा द्वारा संचालित श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकता के तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन जवाहर इंटर कॉलेज खंदौली में किया गया। इसमें 101 मरीजों को वरिष्ठ चिकित्सकों ने देखा। परीक्षण के द्वारा मिले 31 मोतियाबिन्द के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेज दिया गया। शिविर टीम में प्रमुख रूप से डॉ. धनंजय वशिष्ठ,डॉ. अनुभव उपाध्याय,राहुल लवानिया, श्याम सुन्दर व यगदेव आदि थे।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 121 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण



**अछनेरा।** अछनेरा भरतपुर रोड स्थित अग्रोहा सेवा सदन में हर माह की भांति इस माह भी निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कल्याणं करोति मथुरा द्वारा संचालित श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड.कोलकता के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रोहा सेवा सदन अछनेरा में आयोजित किया गया। शिविर में 121 मरीजों ने वरिष्ठ चिकित्सकों को दिखाया। इनमें 31 मोतियाबिन्द के मरीजों को निशुल्क आपरेशन के लिए श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेज दिया गया। इस दौरान डॉ.अनुभव उपाध्याय, डॉ धनन्जय वशिष्ठ, डॉ मंजीत कुमार, राहुल लवानिया, श्यामसुंदर जादौन,ज्योति,सांची यज्ञदेव आर्य और अन्य टीम मौजूद रही।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**खंदौली (एनएनआई)।** यमुना एक्सप्रेसवे खंदौली टोल प्लाजा पर बुधवार की दोपहर को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंर्तगत निःशुल्क स्वाथ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ डाक्टर सुधीर कुमार एवं सीनियर मैनेजर तुलसीराम गुर्जर ने किया। स्वास्थ्य शिविर में 165 चालक एवं क्लीनरों के स्वास्थ्य चेकअप किए गए एवं निशुल्क दवा वितरण की गई। वहीं एआटीओ आरटीओ ललित कुमार एवं टोल चौकी प्रभारी अंकित कुमार ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए एवं शराब पीकर गाड़ी न चलाना, तेज गति से वाहनों को न चलाना आदि जानकारियां थी। इस मौके पर डॉ विवेक कुमार, सहायक कॉरिडोर मैनेजर लोकेंद्र सिंह, सीआरओ अजय चतुर्वेदी, सुरेश कुमार एवं रवि सिसोदिया सहित आदि टोल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## मतदाता पर्चियां को बांटने पहुंचे अधिशासी अधिकारी, मतदान को किया जागरूक



**पटियाली एनएनआई।** बुधवार को पटियाली के अधिशासी अधिकारी सर्वेश शुक्ला ने घौसगंज पहुंचकर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए मतदाता पर्चियां बांटी तथा जगह-जगह ग्रामीणों को जागृत करते हुए अधिशासी अधिकारी ने 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा सम्मानित मतदाताओं से रूबरू होते हुए पहले मतदान फिर जलपान की बात कहते हुए महिलाओं को भी जागरूक किया,ग्रामीण मतदाताओं से अपनी बात कहते हुए रिकॉर्ड तोड़ मतदान के प्रति प्रेरित किया तथा जागरूक मतदाता बनने की अपील की,इस दौरान बीएलओ सुरजीत सिंह,रतन प्रकाश सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में पास होने पर बच्चों को किया सम्मानित



**कासगंज सिढपुरा एनएनआई।** विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर बल्हारपुर से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 में चयनित छात्र अंकित एवं शिवम को बुधवार को विद्यालय के अध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया है आपको बता दें इस परीक्षा में पास होने वाले बच्चों को सरकार द्वारा आगामी 4 वर्षों तक प्रति माह ?1000 के हिसाब से बच्चों को देती है इस परीक्षा में तमाम बच्चों ने प्रतिभाग किया था लेकिन उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर बल्हारपुर से दोनों बच्चों ने नाम रोशन किया है। इन दोनों बच्चों के चयन में विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बहुत ही मेहनत की गई थी। इन बच्चों के स्वागत सम्मान के दौरान राजकुमार,तरुण प्रकाश,अरविन्द कुमार,ममता देवी,राम श्री सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
प्रधान संपादक अरविन्द सिंह
RNI Title Code no UPHIN49797
निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



एनएनआई

**अछनेरा।** थाना अछनेरा पुलिस ने कॉस्मेटिक की दुकान में हुई चोरी की घटना का मात्र आठ घंटे में खुलासा कर दिया है आपको बता दें कि सोमवार रात को अछनेरा के मुख्य बाजार स्थित दुर्गेश मित्तल पुत्र मानिक चन्द मित्तल की कॉस्मेटिक की दुकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी थी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ततपरता दिखाते हुए मात्र आठ घण्टे में पहाड़ लाइन के पास से दो अभियुक्तों लखन प्रजापति पुत्र महेशचंद निवासी मोहल्ला बागौर,और उसके साथी विकास पुत्र हीरा उर्फ पप्पू निवासी अछनेरा के मोहल्ला बागौर निवासी को गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी तिवारी ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के पास चोरी का पूरा समान भी बरामद हुआ है थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में भेज दिया है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना बृज

गुरुवार, 02 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



# विपक्ष अफवाहे फैला रहा: प्रो. बघेल

भाजपा प्रत्याशी ने सघन जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी का हुआ जोशीला स्वागत

आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने जैसी बातें भ्रामक

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों दौरा कर जनता से वोट मांगे। देहली गेट स्थित बाबू गुलाब राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा प्रत्याशी ने अपना जनसम्पर्क शुरू किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रो. बघेल ने प्रोफेसर कॉलोनी, आरबीएस, कुंवर कॉलोनी, खंदारी, ट्रांसपोर्ट नगर, मदिया कटरा, लोहामंडी, किशोर पुरा, जगदीशपुरा,




सेक्टर 4 से बोदला चौराहा, दहतोरा, पश्चिमपुरी, कारगिल चौराहा, दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति, भगवान परशुराम चौक, सेंट्रल पार्क, करकुंज चौराहा, सेक्टर 9, सेक्टर 5 से कैलाश मंडल, बल्केश्वर मंडल में जनसंपर्क किया। इस दौरान क्षेत्र में जगह-जगह फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। आवास विकास क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा प्रत्याशी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान नुक्कड़ सभा प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहाकि विपक्ष आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने जैसी भ्रामक खबरें फैलाकर जनता को गुमराह कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को देश की जनता ने स्वीकार कर लिया है। जनता के बीच में जाने से डर रहा विपक्ष अफवाहें फैलाकर सत्ता हासिल करना चाहता है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल, राधा शर्मा, शरद चौहान, अमित पटेल, संजय राय, गजेंद्र पिपल, मनोज बघेल, गौरव शर्मा, नवीन गौतम, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल, मनीष अग्रवाल, स्वीटी कालरा, सोनू कक्कड़, हेमा जैन, अजय भल्ला, मुनेंद्र जादौन, आशीष पाराशर, विक्रांत कुशवाहा, नवीन गौतम, विक्रांत तिवारी, प्रवीना राजावत, सिंपल अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, रामकुमार जादौन, गिर्राज बंसल, योगेश दिवाकर, भरत शर्मा, कुंदनिका शर्मा, कुमकुम उपाध्याय, दीपक ढल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा को हराने के लिए करेंगे काम: शब्बीर अब्बास

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी में शामिल हुए शब्बीर अब्बास ने अक्षय यादव को लेकर दबरई फिरोजाबाद पर बने समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें भाजपा के साथ-साथ बसपा पर भी टीके प्रहार किए। वैसे तो शब्बीर अब्बास कांग्रेस पार्टी से काफी लंबे समय तक जुड़े रहे इसके बाद उन्होंने बसपा का दामन थामा। सभी पार्टियों के कार्यकताओं में शब्बीर अब्बास की अच्छी पकड़ मानी जाती है वही फिरोजाबाद लोकसभा सीट की बात करें तो मुस्लिम समुदाय के वोट के साथ-साथ जाटव समाज का वोट भी



समाजवादी पार्टी के पाले में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को हारने के काम करेंगे क्योंकि देश में नफरत की राजनीति कर भाईचारे को खत्म करने वाली पार्टी नस्तनाबुद करने का काम अगर कोई कर सकता है तो वह इंडिया गठबंधन है। अब मैं अक्षय यादव के लिए वोट मांगूंगा और देखने की वह लाखों वोटो से विजयी होंगे। वहीं बसपा को लेकर कहा कि अगर हम भाजपा को हराने में शामिल नहीं है इसका मतलब है ना हम देश का हित कर रहे हैं ना समाज का इसका मतलब यह है कि हम सांप्रदायिक ताकतों के साथ खड़े हैं उच्च रूप से यह मैसेज पब्लिक में चला जाता है।

# युवा जोश तोड़ेगा इतिहास का रिकॉर्ड

एनएनआई

**आगरा।** सूरसदन प्रेक्षागृह में युवा सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने जोश भरते हुए कहाकि युवा शक्ति तीसरी बार देश में मोदी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। भाजपा युवा मोर्चा महानगर के युवा सम्मेलन मुख्य अतिथि एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने जहां पूर्व सरकार के गलत कार्यों का बखान किया। वहीं मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। विशिष्ट अतिथि आगरा लोकसभा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहाकि युवा जोश इतिहास का रिकॉर्ड तोड़ेगा। सरकार 400 पार और आगरा लोकसभा में जीत 4 लाख पार होगी। उन्होंने कहाकि भारी संख्या में युवाओं की मौजूदगी जता रही है कि युवा शक्ति भाजपा तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायेगी। युवाओं ने मोदी की गारंटी पर विश्वास दिखा दिया है। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष शैलू शर्मा ने



कहाकि यह राष्ट्र का चुनाव है। गौरव राजावत ने कहाकि देश विरोधी शक्तियों के सामने युवा मोर्चा खड़ा है। विपक्ष को करारी हार मिलेगी। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश महामंत्री राम प्रताप चौहान, सांसद नवीन जैन, केबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, भाजपा महानगर अध्यक्ष भानु महाजन, टीएन अग्रवाल, पवन हिंडोल, मनीष गौतम, संचित कुलश्रेष्ठ, मनीष साहू, रजत कुलश्रेष्ठ सह मीडिया प्रभारी, गोविंद कुशवाह, गोगा मौर्य, अजय वशिष्ठ, लक्की दीक्षित, संजय वासवानी, हिमांशु मिश्रा, रोबिन पाठक, सनी ठाकुर, सेमु पंडित, कमल शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बूथ समिति के कार्यकर्ता शामिल रहे। शैलू ने सभी का आभार जताया। भाजपा में ये हुए शामिल सम्मेलन में भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पार्षद श्रीराम धाकड़, गोगा मौर्य की माताजी पार्षद श्रीमती मिथलेश मौर्य को यूपी केबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन, प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल और महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

## रालोद अध्यक्ष जयंत की सादाबाद में जनसभा आज

**सादाबाद** एनएनआई। राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी आज सादाबाद के छाबी मियां के बाग में भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी अनूप प्रधान के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। रालोद कार्यकताओं ने इस संबंध में बैठक कर तैयारियों पर चर्चा की।जिलाध्यक्ष केशव चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रालोद व भाजपा कार्यकताओं को सभा के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। विधायक प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव तक बस व छोटी-बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था लोगों को लाने-ले जाने के लिए की गई है। हवादार पंडाल भी लगाए गए हैं, जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर गठबंधन की नीतियों से अवगत कराने की अपील की।

राम जी भंडारे वाले

थाली पूरी 45/-



8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)

पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त

50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क

भंडारा (रिफाइंड)

50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs

भंडारा (देसी घी)

50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs

Mob : 8218820638, 9368713881

फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

# गांव सोनिगा में चल रहा था अवैध पेट्रोल पम्प

- बिना कागजों के चल रहे राधारानी पेट्रोल पम्प पर जिला पूर्ति विभाग ने की छापा मार कार्रवाई
- बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल किया गया बरामद, नहीं दिखा सके पम्प सम्बन्धी कोई कागजात








एनएनआई

**कागारौल (आगरा)।** गांव सोनिगा में बिना कागजों के पेट्रोल पम्प संचालित किया जा रहा था। जिला आपूर्ति अधिकारी के साथ विभागीय अधिकारियों ने छापा मार कर जब्तीकरण की कार्रवाई की। मौके पर मौजूद कर्मचारी पेट्रोल पंप संचालन से संबंधित कोई कागज नहीं दिखा सके। कागारौल-दूरा मार्ग पर सोनिगा गांव के पास राधा रानी फिलिंग स्टेशन पर दोपहर में करीब आधा दर्जन गाड़ियों के साथ पहुंचे आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा। यह देख वहां मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई।

मौके से एक सेल्समैन को टीम ने पकड़ लिया। उससे पेट्रोल पंप संचालन से संबंधित कागजात मांगे गए तो उसने अनभिज्ञता जताते हुए कुछ भी देने से मना कर दिया। इस पर आपूर्ति विभाग की टीम ने बिना कागजों के चल रहे पंप की शिकायत के आधार पर पेट्रोल और डीजल को जब्तीकरण की कार्रवाई की। टीम ने मौके से पेट्रोल और डीजल को कब्जे में ले लिया। उपजिलाधिकारी किरावली ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। शिकायत के आधार पर आपूर्ति विभाग की टीम ने छापा मारा है। अभी पेट्रोल-डीजल की जब्तीकरण की कार्रवाई चल रही है। पूर्ण तथ्यों की जानकारी ली जा रही है।

## नौकर ने ही कराई थी चोरी

- काजीपाड़ा में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा
- आधा दर्जन चोर किए गए गिरफ्तार, 57 लाख रुपये बरामद



**आगरा।** बिजलीघर काजीपाड़ा में लाखों की चोरी को अंजाम नौकर ने ही दिलाया था। वारदात को आधा दर्जन चोरों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 57 लाख रुपये बरामद हुए हैं। इनमें से एक अभियुक्त कपड़े की दुकान पर ही काम करता था। काजीपाड़ा बिजलीघर कपड़ों की होलसेल दुकान है। इस दुकान में 26 अप्रैल की रात को शटर तोड़ कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। चोर दुकान से करीब 65-70 लाख रुपये का माल समेटकर ले गए थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान रकाबगंज पुलिस को सूचना मिली कि दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले आगरा किला की तरफ से पैदल छिपीटोला की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने जाल बिछाया और बिजलीघर चौराहे से आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से अवैध असलाह के साथ चोरी का माल भी बरामद हुआ। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि अभियुक्त बादल ने बताया कि वह पहले उक्त दुकान पर काम करता था। दुकान पर लेनदेन होता था। रुपये देखकर उसके मन में लालच आ गया। उसने अपने साथियों के साथ चोरी की प्लानिंग की। वीडियो कॉलिंग पर अपने साथियों को रेकी कराई थी। वीडियो कॉलिंग पर ही कैश दिखाया था। सीपी ने वारदात का खुलासा करने वाली टीम को एक लाख रुपये का इनाम दिया है।

**ये शातिर चोर**

चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले पकड़े गए चोरों में बालूगंज निवासी विशाल और अनुराग, छिपीटोला निवासी शेखर, बादल और विशाल के अलावा दयालबाग निवासी आशीष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए चोरों में से दो पर चोरी के पांच-पांच मुकदमे दर्ज हैं। एक अभियुक्त गैंगस्टर में कुछ ही दिन पहले जेल से छूटकर आया था।

## प्रॉपर्टी डीलर की चाकू मारकर हत्या

आगरा। ताजगंज क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर चाकुओं के ताबड़तोड़ प्रहार से हमला बोल दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से बरौली अहीर में तनाव फैल गया। बरौली अहीर के रहने वाले विश्वदीप यादव अपने चाचा रमाकांत के साथ जमीनों की खरीद-फरोख्त का काम करता था। रमाकांत ने बताया कि बरौली अहीर ब्लाक के पीछे भूखंड काटने का काम चल रहा है। शाम को विश्वदीप साइट से घर आ रहा था तभी गुतला मोड़ पर गांव के ही मनोज, दुर्गेश और उनके साथियों ने विश्वदीप को रोक लिया और सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार किए। गंभीर हालत में अस्पताल उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# नवसृजन की सुंदर चुनर ओढ़ेगी सत्ता की पोखर

### 40 लाख रुपए से होगा कायाकल्प, 30 साल बाद मिलेगा नवजीवन

- हरियाली को लगेंगे पौधे, टहलने को होगा पक्का पाथवे, बैठने को लगेंगीं सीमेंटेड कुर्सियां
- दसकों बाद दिखेगी पानी से लबालब, बाउंड्रीवाल से कवर होगा पौने पांच बीघा का परिसर
- विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के प्रयास से गंदगी से अटी मृत प्राय. पोखर के आए अच्छे दिन





एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** सूबे की सत्ता की मेहरबानी से नगर के मोहल्ला सत्ता की पुरातन पोखर के अच्छे दिन आ गए हैं। क्षेत्रीय विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के प्रस्ताव पर शासन ने इसके सुंदरीकरण के लिए चुनाव आचार संहिता से पूर्व चालीस लाख रुपए की धनराशि को मंजूरी प्रदान करते हुए पचास प्रतिशत धनराशि अवमुक्त भी कर दी है। इससे होने वाले नवसृजन की सुंदर चुनर ओढ़कर मृतप्रायः पुरातन पोखर को नवजीवन और क्षेत्रीय आबादी को गंदगी और बदबूदार माहौल से छुटकारा मिलेगा। साथ ही सुंदरता की सौगात मिलेगी। करीब पौने पांच बीघा क्षेत्रफल की उक्त पोखर मौजूदा समय में कूड़े कचरे से अटकर बदबूदार गंदगी का पर्याय बन गई है। शासन से सुंदरीकरण के लिए आधी धनराशि अवमुक्त होने के बाद नगर पालिका परिषद ने अनुबंधित कार्यदायी संस्था से सेंटर कचरे को हटाने के लिए खोदाई का कार्य शुरू करा दिया है। आज सुबह शुरूआती कार्य का स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने बताया कि उक्त पोखर के सुंदरीकरण को मंजूर धनराशि में से आधी धनराशि अवमुक्त हो चुकी है। सुंदरीकरण के तहत पोखर के चारों तरफ 6 फुट ऊंची बाउंड्रीवाल कराई जाएगी। 25 फुट चौड़ी हरित पट्टी में पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। 10 फुट चौड़ा टहलने के लिए इंटरलोकिंग पाथवे का निर्माण होगा। हरे भरे सुंदर तालाब में तब्दील होने वाली पोखर के किनारे पर बच्चों आदि की सुरक्षा के लिए प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल कराई जाएगी। तालाब के पानी में स्नान आदि के लिए दो दिशाओं में पक्की सीढ़ियां बनेंगीं। नीचे का तल कच्चा होगा। पानी के लिए सबमर्सिबल लगेगी और गार्डरूम भी बनेगा। नागरिकों के बैठने के लिए सीमेंटेड कुर्सियां और हरित पट्टी में योगा, व्यायाम करने वालों के लिए हरी घास और प्रकाश के लिए हाईमास्ट एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी।

### गंदगी और बदबू के बीच अब होगी सुंदर 'भोर'



मैं मोहल्ला सत्ता की बहू हूं और नगर पालिका परिषद की बीस साल से सभासद हूं। बहुत पुरानी यह पोखर पानी विहीन होने के कारण अपना अस्तित्व खोकर कूड़े कचरे की गंदगी से अटकर पूरी बस्ती के लिए बदबूदार माहौल पैदा कर रही थी, लेकिन अब इसके सुंदरीकरण होने के बाद यहां के लोगों के लिए हर भोर सुंदर और चंद्रमा की चांदनी की चितवन अदभुत और आलौकिक होगी। रिश्तेदारों और बच्चों के लिए नवविकसित पर्यटक प्वाइंट जैसा एक सुरम्य स्थल होगा।

**शारदा देवी बघेल, क्षेत्रीय सभासद**




# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

गुरुवार, 2 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र



# डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस: राजनाथ

- फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में रक्षामंत्री ने की जनसभा
- बोले रक्षामंत्री, राजकुमार की शिकायतें भूल सभी को नवीन अध्याय लिखने को जुटना होगा
- आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को दुनिया कान खोलकर सुनती है

एनएनआई

**बाह (आगरा)।** फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र के जरार (बाह) में चुनावी जनसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने पुरानी अंदाज में दिखाई दिए। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला। माहौल को भांपते हुए राजनाथ सिंह ने मंच से कांग्रेस के समय को घोटालों को उजागर किया तो वहीं बताया कि भविष्य में कांग्रेस डायनासोर की तरह ही विलुप्त हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आज देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुनिया भारत को कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहाकि भाजपा जनता की आंखों में धूल झोंककर नहीं बल्कि आंखों में आंख डालकर राजनीति करती है। उन्होंने कांग्रेस के विरासत कानून लाने को लेकर भी जमकर कटाक्ष किया। कहाकि भाजपा के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार के एक भी आरोप नहीं है। मध्यप्रदेश के इंदौर और सूरत में निर्विरोध और नाम वापसी का जिक्र करते हुए कहाकि यह तो करिश्मा हो गया। कांग्रेस के प्रत्याशी भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। कहाकि इससे पहले भी 20 बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए, लेकिन तब लोकतंत्र खतरे में नहीं आया। भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिये गए तो कांग्रेस कहती है कि लोकतंत्र खतरे में है। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताते हुए कहाकि अब उसे दुनिया की कोई ताकत बचा नहीं सकती। इस मौके पर पूर्व वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया, कन्हैया लाल गुप्ता, हेमेंद्र शर्मा, नागेंद्र सिकरवार, जिलाध्यक्ष गिर्राज कुशवाह, विधायक छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशावाह, पूर्व मंत्री राजा अरिदमन सिंह, चौधरी उदयभान सिंह, रामसकल गुर्जर, पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय, पूर्व विधायक महेश गोयल, डॉ. राजेंद्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, मधुसूदन शर्मा, कालीचरण सुमन, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन प्रदीप भाटी, श्याम भदौरिया, प्रशांत पोनिया, रालोद जिलाध्यक्ष महेश जाटव, गंगाधर कुशवाह, संजय चौहान, उमेश सेंथिया, सुग्रीव चौहान, नितिन वर्मा, लाल सिंह लोधी, उपेंद्र सिंह, राजू लवानिया, रामकुमार शर्मा, राजकुमार पथिक, अन्नू दुबे, दिवाकर तिवारी, शिवकुमार प्रमुख, शैलू जादौन, मानवेन्द्र सिंह, विपुल त्यागी आदि मौजूद रहे।




### अब नहीं बनतीं महंगाई पर फिल्में

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहाकि नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह सभी ने गरीबी मिटाने के वादे किए, लेकिन कोई भी गरीबी नहीं मिटा पाया। जबकि नरेंद्र मोदी ने गरीबी को चुनौती समझते हुए काम किया है। उन्होंने कहाकि दुनिया की कई आर्थिक संस्थाएं मानती हैं कि पिछले आठ साल में भारत में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। अब कोई भी महंगाई पर फिल्म बनाने की हिम्मत नहीं करता, क्योंकि महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने रोटी कपड़ा और मकान और पीपली लाइव का जिक्र करते हुए कह कि कांग्रेस के राज में महंगाई अनियंत्रित थी इसी कारण फिल्में बनी थीं।

### क्षेत्र में कम रहने के बावजूद भरपूर विकास कराया: चाहर

जनसभा में भाजपा प्रत्याशी सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने कहाकि पांच साल के कार्यकाल में वह सांसद के साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के कारण क्षेत्र को कम समय दे पाया। इसके बावजूद क्षेत्र को विकास भरपूर दिलाया। गंगाजल के साथ आलू प्रोसेसिंग यूनिट, राजकीय कन्या विद्यालय, मिनी स्टेडियम, आईटीआई कॉलेज और अटल आवासीय विद्यालय स्थापित कराया। क्षेत्र में कम रहने के बावजूद विकास कार्यों की श्रृंखला को रुकने नहीं दिया। उन्होंने कहाकि आगामी कार्यकाल में कोशिश रहेगी कि पूरा समय अपने क्षेत्र को ही दूं। जितना विकास वर्तमान कार्यकाल में हुआ है, उससे अधिक आगामी कार्यकाल में होगा। बाबा बटेश्वरनाथ की धरा से हमारा संकल्प है कि फतेहपुर सीकरी लोकसभा पूरे देश में सबसे विकसित लोकसभा की अग्रिम पंक्ति में शामिल होगा। सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था के साथ समस्त हाइवे को उच्चीकृत कराया जाएगा।



### पांच लाख से बड़ी होगी जीत तो दिल्ली तक गूंजेगी आवाज

राजनाथ सिंह ने सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर की पिछली बार पांच लाख की जीत का जिक्र करते हुए कहाकि इसकी धमक लखनऊ से लेकर दिल्ली तक अभी भी बरकरार है। फतेहपुर सीकरी लोकसभा ऐतिहासिक है। बुलंद दरवाजे की प्राचीर पूरी दुनिया में मशहूर है। राजकुमार चाहर की जीत आठ लाख पार होगी तो इसकी गूंज दिल्ली से लेकर दुनिया में गूंजेगी। क्षेत्र में पर्यटन के साथ ही रोजगार और उद्योग-धंधे भी स्थापित होंगे।

### जनता कर रही बापू की मुराद पूरी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहाकि बापू ने आजादी मिलने पर कहा था कि कांग्रेस को अब भंग कर देना चाहिए। उनका कहना था कि कांग्रेस नाम से कोई राजनीतिक पार्टी नहीं होनी चाहिए, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहाकि कोई इस काम नहीं कर पाया, लेकिन बापू की मुराद को जनता कांग्रेस को समाप्त कर पूरा कर रही है। उन्होंने कहाकि बापू की दूसरी मुराद देश से गरीब खत्म करना थी, जो आज भाजपा कर रही है। आज दुनिया के अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि आठ साल में पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का करिश्मा कर दिखाया।

### जझारू और किसानों का हितैषी है राजकुमार

राजनाथ सिंह ने सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर को जुझारू बताते हुए कहाकि सांसद बनने से पहले भी इन्होंने किसान पुत्र होने का फर्ज बखूबी निभाया। किसान के घर में जन्म लेकर इन्होंने किसानों की पीड़ा को करीब से देखा और जाना। किसानों के उत्थान के लिए कार्य किया। फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के लोगों का यह सौभाग्य है कि उनका चुना जनप्रतिनिधि पूरे देश के किसानों के हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहाकि घर का सदस्य होने के नाते जनता की राजकुमार चाहर से कुछ शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन उन्हें भूलकर फिर से नया अध्याय लिखने के लिए सभी को जुटना होगा।

# किराना स्टोर पर दवाओं की बिक्री का किया विरोध

एनएनआई



**आगरा।** केंद्र सरकार के ओवर टू काउंटर ( ओटीसी) दवाओं की बिक्री किराना और जनरल स्टोर पर करने का आगरा फार्मा एसोसियेशन ने विरोध किया है। आगरा फार्मा एसोसिएशन की दवा मार्केट फव्वारा पर हुई बैठक में सरकार के इस प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया गया। अध्यक्ष ओमप्रकाश चोइथवानी और महेश अग्रवाल ने कहाकि इस प्रकार की अनुमति के गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे बिना फार्मासिस्ट के खराब चिकित्सा, नशीली दवाओं के दुरपयोग, नकली दवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में देरी, दवाओं की अधिक मात्रा से बीमारियां, दवा भंडारण के मानकों से समझौता आदि समस्याएं बढ़ेंगी। मीडिया प्रभारी सुन्दर लाल चेतवानी का कहना है कि सामान्य और किराना की दुकानों पर दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के हितों की पूर्ति नहीं करती है। देश भर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संस्था इस सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने वाले किसी भी उपाय का दृढ़ता से विरोध करेगी। साथ ही सरकार से आग्रह है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए। बैठक में पुनीत कालरा, जगदीश राठी, सुनील गुप्ता, संदीप गुप्ता, निशातुद्दीन कुरैशी, अनूप बंसल, महेश नारायणी, किशन, हरिओम सिंघल और रवि आदि मौजूद रहे।

# तो चिकित्सक बंद कर देंगे काम करना

**आगरा एनएनआइ।** आईएमए भवन तोता ताल पर अध्यक्ष डॉ. मुकेश गोयल की अध्यक्षता में हुई चिकित्सकों की बैठक में रिन्यूअल में अभी तक फायर सम्बन्धित दिशा-निर्देश जारी नहीं किए जाने पर आक्रोश जताया गया। चिकित्सकों ने आक्रोश जताते हुए कहाकि फायर ब्रिगेड महकमा मनमानी कर रहा है। आईएमए सचिव पंकज नगाइच ने बताया कि 30 अप्रैल तक रिन्यूअल की आखिरी तारीख थी। इसमें आईएमए के चिकित्सकों ने ऑनलाइन रिन्यूअल अप्लाई कर दिया है। डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ ने कहाकि चिकित्सक अपने को असहज महसूस कर रहे हैं। उनके ऊपर नियमों का अव्यवहारीकरण हावी है। यदि शासन प्रशासन चाहता है कि चिकित्सक कार्य बंद कर दें तो वैसे ही बता दें। डॉ. अनंग उपाध्याय ने कहाकि जितना संभव है अपने यहां फायर उपकरणों का इंतजाम हम कर रहे हैं, जहां सिविल वर्क संभव नहीं वो कैसे किया जाए। डॉ. अरुण जैन ने कहाकि चिकित्सक से ज्यादा अपने मरीजों की सुरक्षा की बात कोई नहीं समझ सकता। फिर फायर एनओसी की जबरन बात समझ नहीं आती। डॉ. योगेश ने कहाकि हर नियम के पाश में सबसे पहले चिकित्सक को ही क्यों बांधा जाता है। बैठक में डॉ. सुरेश कुशवाहा, डॉ. एसएस सूरी, डॉ. सुमन जैन सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज का 68 वां अवतरण दिवस मनाया

**आगरा एनएनआई।** गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के शिष्य मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंतसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्यसागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में 108 ज्ञानसागर जी मुनिराज का 68वां अवतरण दिवस समारोह मनाया गया। शालीमार एन्क्लेव सकल जैन समाज के तत्वावधान में आगरा के कमला नगर स्थित शालीमार एन्क्लेव के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में सानंद सम्पन्न हुआ। भक्तों ने सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की। अर्घ्य प्रभु के चरणों में अर्पित करते भक्तों ने प्रभु का सामूहिक पूजन संपन्न किया। इसके बाद भक्तों ने विधानाचार्य जी के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य छत्तीसी विधान की मांगलिक क्रियाएं सम्पन्न कीं। विधान के मध्य में भक्तों को उपाध्याय श्री विहसन्त सागर जी महाराज की मंगल वाणी श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद जैन, एसबी जैन,राजू गोधा,संजू गोधा,राजकुमार गुड्डू, मुकेश जैन रपरिया,अंकेश जैन, संजय जैन,शैलेंद्र जैन रपरिया,सुरेंद्र जैन,शुभम जैन समस्त शालीमार एनक्लेव जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# अभिभावकों को सुनवाई के लिए बुलाकर मथुरा निकले बीएसए

एनएनआई



**आगरा।** स्कूली किताबों की दर वृद्धि करने की बात हो या फीस को अपनी मर्जी से बढ़ा देने की बात हो, इस तरह के कई मुद्दों को चलते हुए लगभग एक माह पूरा होने आ चुका है लेकिन अभी तक शिक्षा विभाग कछुए की चाल से चल रहा है। प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस के द्वारा अभिभावक और छात्र हित में लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को सुनवाई के लिए बुलाया और आज अभिभावकों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था लेकिन अभिभावक जब शिक्षा विभाग पहुंचे तो ठगे रहे गए। उन्हें मालूम पड़ा की बेसिक शिक्षा अधिकारी आज मथुरा निकल गए हैं और कल लखनऊ रहेंगे।

पापा संस्था के दिग्विजय शर्मा का कहना है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी से टेलीफोनिक बात हुई थी उन्होंने दोपहर में आने को कहा था अगर अधिकारी को बाहर ही जाना था तो फोन करके जाने की सूचना दे सकते थे ताकि अभिभावक जो शहर के अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचा है वह परेशान तो नहीं होता। अभिभावक सोनम ने बताया कि वह अपने बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर आई है ताकि आज अधिकारी को साक्ष्य दे सकें, अभिभावक सुरेंद्र ने बताया की स्कूल वाले अपने खुद के द्वारा बनाई गई ड्रेस बेच रहे हैं और पैसा भी स्कूल के खाते में ले रहे हैं इस बात के उनके पास पूरे साक्ष्य हैं।

पापा संस्था के राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन का कहना है अखबारों के माध्यम से उन्हें आज सुनवाई की जानकारी हुई थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने फोन पर इस बात की तस्दीक करते हुए हमें आज बुलाया था। हमारे द्वारा 161 पन्नों में साक्ष्य एकत्रित करके लाए गए थे लेकिन अब साक्ष्य कौन देखेगा और कौन सुनवाई करेगा।पेरेंट्स अब प्रशासन के इस रवैए से तंग आ चुके हैं इसलिए बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में ही यह निर्णय लिया गया की बेसिक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को 3 मई तक का समय दिया जाए। यदि 3 मई तक समस्या का समाधान पूरी तरह से नहीं होता है तो पापा संस्था से दीपक सिंह सरीन समाधान होने तक स्पीड कलर लैब, संजय प्लेस एम जी रोड की तरफ बने पार्किंग स्थान पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे और अभिभावक समाधान होने तक धरना देकर उनके साथ देंगे.। आज इस कार्यक्रम में सुमित सक्सेना, नरेंद्र सिंह धाकरे, अतुल कुमार शाक्य, अरविंद त्रिपाठी, कुलदीप नागर, अमित वर्मा, राजवीर शर्मा, सोमेंद्र सिंह, पुष्पा वर्मा, नीलम सिंह, बबिता सिंह, विजय, अमन शर्मा आदि शामिल रहे।








# प्रो. अनुराग शुक्ला ने फिर संभाला आगरा कॉलेज के प्राचार्य का पदभार

एनएनआई

**हाई कोर्ट के आदेश पर कमिश्नर ने ग्रहण कराया चार्ज**

**आगरा।** करीब ढाई माह बाद आगरा कॉलेज के प्राचार्य के कार्यभार प्रो. अनुराग शुक्ला ने फिर से ग्रहण कर लिया। कोर्ट के आदेश के बाद प्रबंध समिति की अध्यक्ष कमिश्नर रितु माहेश्वरी ने प्रो. शुक्ला को चार्ज ग्रहण कराया। इसी साल 13 फरवरी को आगरा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अनुराग शुक्ला को निलंबित कर दिया गया था। उनके स्थान पर अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सीके गौतम को कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया गया था। प्रो. अनुराग शुक्ला पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप थे, जिसकी जांच चल रही है। जांच होने तक इन्हें पद से हटा दिया गया था। इस मामले में प्रो. अनुराग शुक्ला इलाहाबाद हाईकोर्ट चले गए थे। एक मार्च को कोर्ट ने इस मामले में उन्हें बड़ी राहत दी। प्रो. अनुराग शुक्ला के पक्ष में आदेश देते हुए राज्य सरकार के आदेश को स्टे कर दिया गया। साथ ही प्रो. अनुराग शुक्ला को ही प्राचार्य पद पर कार्यरत रहने के आदेश दिए। इस आदेश के बाद भी कार्यवाहक प्राचार्य ने प्रो. शुक्ला को चार्ज नहीं दिया। बल्कि उनके खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड ऑफ ट्रस्टी भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रो. शुक्ला के कार्यकाल में हुई वित्तीय अनिमियतताओं के सबूत होने की बात कही। कहाकि कोर्ट में पेश करेंगे। डॉ. सीके गौतम ने उनके शैक्षणिक व अकादमिक प्रमाणपत्रों पर सवाल खड़े किए। कहाकि उन्होंने महज 12 वर्ष छह माह की आयु में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण होना दशार्या। पीजी स्तर पर शोध कार्य कराने के अनुभव को गलत बताया। डॉ. सीके गौतम ने कहा था कि प्रो. शुक्ला अपनी अक्षमता, गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और अपनी नियुक्ति के फर्जी दस्तावेजों को छुपाने के लिए निराधार आरोप लगा रहे हैं।

# वन विभाग मंडल में रोपेगा 45 लाख पौधे

एनएनआई



**आगरा।** वन विभाग आगरा मंडल में 45.80 लाख पौधे रोपेगा। इसके लिए 12 वेटलैंड संरक्षण वन, 4 मित्र वन और एक विरासत वृक्ष वाटिका का चयन किया गया है। यह जानकारी कमिश्नर रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में वन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दी गई। वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल ने बताया कि पौधारोपण जुलाई में प्रस्तावित है। आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी वन प्रभाग की पौधशालाओं में वर्ष 2023-24 में पौधे उगाने का बजट 1.28 करोड़ था, जिसके सापेक्ष 1.32 करोड़ पौधे उगाए गए। विभाग द्वारा एक्शन प्लान भी तैयार कर लिया गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि चारों जनपदों में मार्गों के किनारे, सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट, पार्कों और अन्य छोटे-छोटे रिक्त स्थलों पर भी पौधे लगाए जाएं। यमुना नदी किनारे पर छूटे हुए स्थानों और घाटों पर भी संबंधित विभागों के समन्वय से पौधारोपण किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी पौधारोपण कर हरियाली विकसित करने के लिए एनएचएआई और पीडब्लूडी विभाग के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अलावा चारों जनपदों में 10-10 हेक्टेयर के दो भूभागों को चिन्हित कर ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाए। जहां विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पेड़-पौधे, गोल हट, विश्राम करने के लिए ईको हट, बैंचेस, वॉच टॉवर और कैंटीन आदि की सुविधाएं भी हों। बैठक में डीएफओ आगरा आदर्श कुमार, डीएफओ फिरोजाबाद विकास नायक, डीएफओ मथुरा रजनीकांत मित्तल जी और डीएफओ मैनपुरी संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कीठम में चलेगी बोट

ताज नेचर वॉक की साइट का विस्तार करने और इसी तरह एक और साइट विकसित करने के निर्देश बैठक में मंडलायुक्त ने दिए। बताया गया कि सूर सरोवर कीठम में पार्किंग विकसित कर ली गयी है। एक बोट खरीदी गई है। बोट संचालन की परमीशन के लिए आवश्यक प्रक्रिया जारी है। गोल्फ कार्ट वाहनों की खरीद प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।






# वैज्ञानिकों की अपील- गलत सूचनाओं पर भरोसा न करें

## 200 वर्षों में करोड़ों लोगों को बीमारियों से बचाया



### पहली खुराक के बाद जोखिम, दूसरी-तीसरी के बाद बहुत कम

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व संक्रामक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रमन आर गंगाखेड़कर का कहना है कि जिन्होंने कोरोना का टीका लिया है उन्हें किसी भी तरह का जोखिम नहीं है। सभी टीकों पर वैज्ञानिक परीक्षण हुए हैं। अगर किसी को टीके का दुष्प्रभाव होता है तो उसका जोखिम सबसे ज्यादा पहली खुराक के दौरान होता है। दूसरी या तीसरी खुराक में यह जोखिम बहुत कम होता है, क्योंकि तब तक शरीर को उस वायरस की आदत लग चुकी होती है।

**नई दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व संक्रामक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रमन आर गंगाखेड़कर का कहना है कि जिन्होंने कोरोना का टीका लिया है उन्हें किसी भी तरह का जोखिम नहीं है। सभी टीकों पर वैज्ञानिक परीक्षण हुए हैं। विभिन्न टीकों की बदौलत बीते 200 साल में करोड़ों बच्चे और वयस्क बीमारियों से बचे हैं। भारत में हर साल नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होता है, जिसका कवरेज साल 2023 में 81 फीसदी पहुंचा। लोगों के भरोसे से यह भी मुमकिन रहा कि भारत में कोरोना का टीकाकरण पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा 220 करोड़ रहा। एस्ट्राजेनेका के बयान के बाद कोरोना टीका को लेकर लोगों में घबराहट पर देश के वैज्ञानिक और डॉक्टरों ने टीके के दुष्प्रभावों के प्रति निश्चिंत रहने की बात कही है।

चिकित्सा में जब भी दुष्प्रभावों की बात आती है तो सिर्फ टीके के बारे में चर्चा नहीं होनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति या मरीज में टीका और दवा या फिर किसी इलाज का दुष्प्रभाव हो सकता है। यह लाभ बनाम जोखिम पर चर्चा आज कोई नई नहीं है। यह हमेशा से बहस का मुद्दा भी रहा है। हमेशा से लाभ ज्यादा हैं, दुष्प्रभाव कम। यदि किसी व्यक्ति को जोखिम से ज्यादा लाभ हो रहा है तो उस दवा या टीके का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**-डॉ. अरुण गुप्ता, दिल्ली मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष और बाल रोग विशेषज्ञ।**

अगर हम इस बात पर भरोसा करें कि कोरोना का टीका लगने की वजह से देश में हार्टअटैक बढ़ गया है तो लोगों को यह भी समझना चाहिए कि हार्टअटैक कोई नया नहीं है। कोरोना हमारे यहां 2020 में आया है, लेकिन हार्टअटैक के मामले सालों से है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) का आंकड़ा है कि 2019 में 28 हजार लोगों की हार्टअटैक से मौत हुई। यह आंकड़ा 2020 में 28,680 और 2021 में 28,449 रहा।

**-डॉ. समीरन पांडा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व संक्रामक रोग विभागाध्यक्ष**




## सामने आई भगवा रंग में रंगी नई वंदे भारत मेट्रो

देश के कई बड़े शहरों के बीच वंदे भारत मेट्रो दौड़ती हुई नजर आएगी। पहली बार इस ट्रेन की झलक भी सामने आ गई है। इस ट्रेन का इसी वर्ष जुलाई में ट्रायल किया जाएगा। पंजाब के कपूरथला की रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो के कोच तैयार किये गए हैं। रेलवे शुरूआत में करीब 50 ऐसी ट्रेनें बनाएगा। धीरे-धीरे इसकी संख्या बढ़ाकर 400 तक ले जाने की योजना है। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन 100 किमी से 250 किमी के बीच यात्रा करने में सक्षम होंगी। इस ट्रेन में डिफॉल्टर कॉन्फिगरेशन के रूप में 12 कोच हैं। लेकिन इसे 16 कोच तक बढ़ाया जा सकता है। वंदे भारत मेट्रो भारतीय रेलवे की ओर से विकसित की गई एक सेमी हाई स्पीड इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन है। ये ट्रेन वंदे भारत ट्रेन का मेट्रो वर्जन है।

## मुंबई में सीएसएमटी के पास पटरी से उतरी खाली लोकल ट्रेन

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास एक खाली लोकल ट्रेन पटरी से उतर गई। तीन दिनों के भीतर एक ही जगह पर ऐसी दूसरी घटना घटी है। ट्रेन के पटरी से उतर जाने की वजह से सीएसएमटी-पनवेल खंड पर रेल सेवाओं में देरी हुई, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा कि एक क्रॉसओवर पॉइंट पर ट्रेन के संचालन का परीक्षण किया जा रहा था। शाम करीब 4.10 बजे जब ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सीएसएमटी में प्रवेश करने वाली थी तो इसके कोच के दो पहिए पटरी से उतर गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन इस घटना के कारण घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। इसके बाद कुर्ला से एक दुर्घटना राहत ट्रेन (रोड एआरटी) मंगाई गई और उसकी मदद से दो घंटे बाद कोच को दोबारा पटरी पर लाया गया।



## चांद पर बर्फ मौजूद होने की संभावना और बढ़ी

### इसरो ने बताया- सामने आए पुख्ता साक्ष्य

**बंगलुरु।** एक अध्ययन में चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों (पोलर क्रेटर्स) में बर्फ होने की संभावना के अधिक पुख्ता साक्ष्य सामने आए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इसकी जानकारी दी है। स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी)/इसरो के वैज्ञानिकों ने आईआईटी कानपुर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शोधकर्ताओं के सहयोग से यह अध्ययन किया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है कि हालिया अध्ययन के अनुसार चांद की सतह पर पहले दो मीटर में बर्फ की मात्रा दोनों ध्रुवों में सतह पर मौजूद बर्फ की मात्रा से लगभग पांच से आठ गुना अधिक है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि बर्फ का नमूना या खुदाई करने के लिए चंद्रमा पर ड्रिलिंग भविष्य के मिशनों और दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिहाज से पहला कदम होगा। बयान में कहा गया है, "इसके अलावा, अध्ययन से यह भी पता चलता है कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में पानी की बर्फ की मात्रा दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की तुलना में दोगुनी है। अनुसंधान दल ने चंद्रमा पर पानी की बर्फ की उत्पत्ति और वितरण को समझने के लिए लूनर रिकॉनिसंस ऑर्बिटर पर सात उपकरणों का उपयोग किया, जिसमें रडार, लेजर, ऑप्टिकल, न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रोमीटर, अल्ट्रा-वायलेट स्पेक्ट्रोमीटर और थर्मल रेडियोमीटर शामिल थे।

# रिकॉर्डः 123 साल में सबसे गर्म रहा अप्रैल

### मई में 11 दिनों तक लू की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल अप्रैल का महीना सबसे गर्म रहा। 1901 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ कि देश के अधिकतर भागों में अप्रैल में सबसे अधिक दिनों तक लू चली। मई में भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। इस महीने देश के ज्यादातर क्षेत्रों में पारा और चढ़ेगा और लू के दिन भी बढ़कर 11 दिन तक हो सकते हैं। हालांकि, 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल माना जाता है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को मई महीने के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने में 5 से 7 और फिर 15 से 30 तारीख के बीच दो दौर में लू चली। औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। महापात्र ने कहा कि पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अप्रैल के महीने में औसत न्यूनतम तापमान 28.12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 1901 से दर्ज किए जा रहे तापमान में यह पहला मौका था कि इन क्षेत्रों में अप्रैल में इतना अधिक न्यूनतम तापमान रहा। उन्होंने यह भी बताया कि 1980 के दशक के बाद से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान आम हो गया है।

महापात्र ने कहा कि दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में मई में करीब 8-11 दिनों तक लू चल सकती है। राजस्थान के शेष भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में इस महाने 5-7 दिन लू चलने की संभावना है। आमतौर पर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है।

**कम बारिश से बढ़ी गर्मी**

अप्रैल में पूर्व, पूर्वोत्तर और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में लंबे समय तक गर्मी और लू चलने की मुख्य वजह गरज के साथ होने वाली बारिश में कमी रही। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और भारत के निकटवर्ती पूर्वी तटों पर निचले स्तर पर बने चक्रवात रोधी परिस्थितियों की वजह से कम बारिश हुई। इस मौसमी घटना की वजह से समुद्र से आने वाली हवाएं अधिक दिनों तक ओडिशा और बंगाल की तरफ नहीं बहीं।

## संपादकीय

# बिहार का अजब गजब खेला



यह लाख टके का सवाल है कि बिहार में दोनों गठबंधनों में कौन किसके भरोसे लड़ रहा है? मीडिया में ऐसा माहौल बनाया गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बार का लोकसभा चुनाव भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे लड़ रहे हैं तो दूसरी ओर जनता दल यू के नेताओं का कहना है कि भाजपा को नैया पार लगाने के लिए नीतीश कुमार का ही भरोसा है। दूसरे गठबंधन में लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को लग रहा है कि कांग्रेस उसके सहारे लड़ रही है लेकिन कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि इस बार मुस्लिम वोट उसकी वजह से राजद के पक्ष में जा रहा है। कांग्रेस के कई नेता यह कहते मिले हैं कि अगर कांग्रेस इस बार अकेले लड़ती तो राजद से बेहतर प्रदर्शन करती।दो चरणों में नौ सीटों पर मतदान के बाद स्थिति और उलझ गई है। पहले चरण में भाजपा के दो उम्मीदवार थे, एक उम्मीदवार लोजपा के और एक हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के थे। भाजपा के लोगों का कहना है कि उसके दोनों उम्मीदवारों को कोईरी वोट नहीं मिला, जो नीतीश का वोट आधार है। जमुई में चिराग पासवान के बहनोई को भी कोईरी, कुर्मी वोट कम मिलने की चर्चा है। दूसरे चरण में पांचों सीटों पर नीतीश कुमार के उम्मीदवार थे और जदयू का कहना है कि लगभग हर जगह भाजपा और लोजपा का कोर वोट दूर रहा और पार्टी ने अपने दम पर चुनाव लड़ा।प्रधानमंत्री ने भी सिर्फ एक दिन सभा करने के लिए गए थे। भाजपा का कैडर भी जदयू उम्मीदवारों की मदद के लिए नहीं निकला। तभी दो चरण के मतदान के बाद दोनों गठबंधनों के नेताओं की चिंता बढ़ी है। वे आगे के पांच चरण में होने वाली 31 सीटों के मतदान को लेकर नई रणनीति बना रहे हैं।दूसरे चरण में पूर्णिया लोकसभा सीट पर मतदान हुआ, जहां निर्दलीय पप्पू यादव को कांग्रेस का परोक्ष समर्थन था क्योंकि उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में किया था लेकिन लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की जिद के चलते उनको कांग्रेस टिकट नहीं दे पाई थी। वहां मुस्लिम और यादव पप्पू यादव के साथ गए हैं और लालू, तेजस्वी की उम्मीदवार बीमा भारती जमानत बचाने के लिए लड़ीं। पूर्णिया के अलावा कटिहार में भी कांग्रेस का कहना है कि राजद के लोगों ने कांग्रेस उम्मीदवार तारिक अनवर का विरोध किया। इसी तरह का आरोप भागलपुर में भी कांग्रेस ने लगाया है और कहा है कि उसके सवर्ण उम्मीदवार को अपनी जाति का वोट मिला और मुसलमानों का वोट मिला लेकिन यादव वोट टूट गया।किशनगंज इकलौती सीट है, जो पिछली बार गठबंधन को मिली थी और इस बार भी कांग्रेस वहां अपने ही दम से लड़ी है। सो, कांग्रेस कोटे की नौ में से तीन सीटों पर मतदान हुआ है और कांग्रेस का दावा है कि वह अपने दम पर लड़ी। असल में बिहार की दोनों बड़ी पार्टियां भाजपा और राजद की ओर से अपने सहयोगियों को कमजोर बताने का रणनीतिक प्रचार चल रहा है। जनता दल यू और कांग्रेस दोनों अपने हिसाब से इसका जवाब दे रहे हैं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों लालू प्रसाद और उनके परिवार के ऊपर निजी हमले कर रहे हैं। इससे पहले वे कभी निजी हमला नहीं करते थे। वे लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के राज को जंगल राज बता कर राजनीति करते रहे हैं और उसी पर उनको वोट मिलता रहा है। इसलिए उनको लालू के ऊपर निजी हमला करने की जरुरत नहीं पड़ी। इस बार जब वे राजद से अलग हुए और भाजपा के साथ गए तब से वे लगातार निजी हमले कर रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने लालू प्रसाद के ज्यादा बच्चे पैदा करने पर भी तंज किया। यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है।सूत्रों का कहना है कि भाजपा के साथ लगातार संपर्क में रहने वाले जदयू नेता और एकाध अधिकारी इस तरह के बयान दिलवा रहे हैं। नीतीश कुमार पिछले कुछ दिनों से सार्वजनिक मंच पर भी ऐसी बातें करते रहे हैं, जो उनको नहीं करनी चाहिए। तभी उनकी सेहत का सवाल उठा। जब वे ब्रिटेन गए तो कहा गया कि वे भूलने की बीमारी का इलाज कराने गए हैं। हालांकि इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता है। लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि उनके करीबियों का एक समूह है, जो लालू प्रसाद से उनकी स्थायी दूरी बनवा देना चाहता है। उनको डर है कि कहीं लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश फिर लालू के साथ न लौट जाएं। इसलिए ऐसे बयान दिलवाए जा रहे हैं कि रास्ता स्थायी तौर पर बंद हो।

## चुनाव आयोग का संशोधित प्रोटोकॉल जारी

# 'ईवीएम के साथ 45 दिन सुरक्षित रखी जाएगी सिंबल लोडिंग यूनिट'

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग अब चुनाव के नतीजे घोषित किए जाने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ सिंबल लोडिंग इकाइयों (एसएलयू) को भी कम से कम 45 दिन संरक्षित रखेगा। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एसएलयू के रखरखाव के संबंध में संशोधित प्रोटोकॉल जारी किया है व राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इसका पालन करने को कहा है।

चुनाव आयोग ने बुधवार को जारी बयान में कहा, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एसएलयू के संचालन व रखरखाव से संबंधित नए प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे व प्रावधान बनाने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने कहा, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है, संशोधित प्रोटोकॉल 1 मई, 2024 को या उसके बाद वीवीपैट में चुनाव चिह्न लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के सभी मामलों में लागू होते हैं।

दरअसल, ईवीएम व वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान की मांग वाली



याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने अपने आदेश में एसएलयू को 45 दिनों तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया था।

### पहले मतदान के अगले दिन वापस कर दी जाती थीं मशीनें

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले भारत इलेक्ट्रिकल लि. और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के इंजीनियर एसएलयू को स्थानीय चुनाव अधिकारियों को सौंप देते थे।

मतदान के एक दिन बाद एसएलयू इन दोनों कंपनियों के इंजीनियरों को वापस कर दी जाती थी, जो इनके साथ ही बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का निर्माण करती हैं। कुछ साल पहले, इसमें फीचर जोड़ा गया था, जिससे उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों को टीवी मॉनीटर पर प्रतीक लोड करने की प्रक्रिया दिखाई देती थी।

## वेबसाइट से नेताओं की तस्वीरें हटाएं शिक्षण संस्थान

देश के सभी शिक्षण संस्थानों को अपनी वेबसाइट से राजनेताओं की तस्वीरें हटानी होंगी। शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों, यूजीसी, एआईसीटीई समेत अन्य हितधारकों से लोकसभा चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रो. मनीष जोशी ने इस बारे में पत्र लिखा। इसमें कहा है कि आचार संहिता के दौरान किसी भी पार्टी के नेताओं के फोटो का प्रचार-प्रसार नहीं किया जा सकता। केंद्र के अधीनस्थ सेंट्रल यूनिवर्सिटी व डीम्ड-टु-बी यूनिवर्सिटी, राज्यों के अधीनस्थ विवि और निजी विवि को निदेर्शों का पालन करना होगा। विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल समेत सभी शिक्षण संस्थानों को शिक्षा मंत्रियों की तस्वीरें भी वेबसाइट से हटानी होंगी। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।


## पीएम मोदी ने कांग्रेस को याद दिलाया शाह बानो केस, पूछा- तब क्यों नहीं किया संविधान का सम्मान?

**हिम्मतनगर।** लोकसभा चुनाव के बीच सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। उधर गुजरात के हिम्मतनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने संविधान के प्रति कांग्रेस की सोच पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मुस्लिम महिलाओं को परेशानियों से गुजरना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1985 में शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को राजीव गांधी सरकार द्वारा पलटा गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल संविधान की किताब की प्रति लेकर घूम रहे हैं, लेकिन शाह बानो केस में कांग्रेस सरकार ने ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायलय संविधान के अनुसार ही काम करता है लेकिन तब संविधान के प्रति कांग्रेस के सम्मान को क्या हो गया था, जब शीर्ष अदालत के फैसले को बदलकर मुस्लिम महिलाओं को किसी भी सुरक्षा से वंचित कर दिया गया। बता दें कि 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर की शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया था। उन्होंने तलाक के बाद अपने पति से गुजारा भत्ता मांगा था। उस दौरान पीएम राजीव गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक अधिनियम के माध्यम से शीर्ष अदालत के फैसले को पलट दिया था।

## कॉमेडियन श्याम रंगीला वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

**वाराणसी।** मशहूर कॉमेडियन श्याम रंगीला भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने एलान किया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कॉमेडियन श्याम रंगीला ने पीएम मोदी की "हर किसी को अपनी भाषा में जवाब मिलना चाहिए" वाली टिप्पणी की नकल की। उन्होंने कहा कि वह पीएम को "उनकी ही भाषा में जवाब" देने के लिए वाराणसी आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो



में श्याम रंगीला ने लिखा,"किसी को अपनी भाषा में प्रतिक्रिया मिलनी चाहिए. उन्होंने कहा कि वह पीएम को "उनकी भाषा में जवाब" देने के लिए वाराणसी आ रहे हैं. वीडियो में कहा, "मैं, कॉमेडियन श्याम रंगीला, आपसे 'मन की बात' करने आया हूं। आप सभी के मन में एक सवाल है, क्या आप जो समाचारों में सुन रहे हैं कि श्याम रंगीला वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं, वह सच है? क्या यह मजाक है? दोस्तों मैं आपको बता दूं, यह मजाक नहीं है... मैं वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूं।



## सुनीता केजरीवाल गुजरात दौरे पर, भरूच-भावनगर सीटों पर करेंगी प्रचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूदगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने चुनाव प्रचार का जिम्मा पूरी तरह से संभाल लिया है। यही वजह है कि वे अब देश के अलग-अलग हिस्सों में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए पहुंच रही हैं। इसी के तहत सुनीता केजरीवाल आज गुजरात दौरे पर हैं, जहां वे भरूच और भावनगर सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी।

newsnextindia1@gmail.com
हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# मेकअप रूम में डर गई थी टीवी एक्ट्रेस, पीछे पड़े प्रोड्यूसर ने की ऐसी हरकत



टीवी एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी इन दिनों चर्चा में हैं. उन्होंने कुछ दिन पहले अपने शो के प्रोड्यूसर पर शोषण के इल्जाम लगाते हुए अपनी आपबीती सुनाई थी. कृष्णा ने बताया कि दंगल टीवी चैनल के शो 'शुभ शगुन' में अपने काम के दौरान उन्हें प्रोड्यूसर कुंदन सिंह के हाथों हैरेसमेंट झेलनी पड़ी. इतना ही नहीं, एक्ट्रेस को उनके 5 महीने के काम की फीस भी अभी तक नहीं दी गई है. अब इस बारे में उन्होंने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलकर बात की है.सेट पर लॉक होने के बारे में कृष्णा मुखर्जी ने बात की है. उन्होंने बताया कि ऐसा उनके साथ दो बार हुआ था. इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि उसने मुझे मेकअप रूम में लॉक किया था. ये प्रोडक्शन के लोगों का किया धरा है. वो मेरे बारे में खबरें बना रहा है क्योंकि उसके पास कुछ कहने को नहीं है. और अली ने भी गलती से कह दिया था कि मैं मड में शूटिंग कर रही थी. मैं गोरेगांव के फेमस स्टूडियो में शूट करती थी और ये सब वही हुआ था. मेरे पास बहुत से लोग हैं जो सामने आकर इस बारे में बात कर सकते हैं. मैंने इसे लेकर एफआईआर भी दर्ज करवाई है. मुझे इसपर झूठ बोलने की जरूरत नहीं है.' उन्होंने आगे कहा, 'कुंदन बहुत चालाक इंसान है. उसने हमें बेटा-बेटा कहकर बेवकूफ बनाया है. लेकिन मैंने जब अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की थी तभी मुझे समझ आ गया था कि ये पैसे नहीं आने वाले. उसका बर्ताव बदल गया था. जिस तरह से वो मुझे देखता था वो बदल गया था. प्रोडक्शन से स्वाती थानेवाला ने मुझे ई-मेल किया था कि वो जिम्मेदारी ले लेगी और मैं शूटिंग दोबारा शुरू कर दूं. उन्होंने इस बात को सुनिश्चित किया कि जिन दो लोगों ने मुझे कमरे में बंद किया था, प्रभात और समीर काजी, वो सेट पर वापस न आएं.' कृष्णा ने बताया, 'प्रभात शो का ईपी था और समीर एचओपी. जब उन दोनों ने मुझे लॉक किया था तब उन्होंने कहा था कि कुंदन ने ऐसा पहले बालाजी के सेट पर भी किसी के साथ किया था. लेकिन बालाजी के सेट पर ऐसा करना नामुमकिन है. वातावरण बहुत खराब था. हर बार हमें अपनी फीस के चेक के लिए लड़ना पड़ता था. हमें ये बात कहकर डबिंग करने को कहा जाता था कि हमें पैसे मिलेंगे. चैनल के लिए डबिंग हो चुकी थी. उन्होंने यूट्यूब के लिए हमसे डबिंग करवाई. वहां सेफ्टी के इश्यू थे.' एक्ट्रेस के मुताबिक, उन्हें लॉक कर किसी दूसरी एक्ट्रेस को साइन कर लिया गया था. उन्होंने कहा, 'सेट पर एक और लड़की थी, सृष्टि तारे. जिस दिन मुझे लॉक किया गया वो उसका काम पर पहला दिन था और उससे कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाया गया था, क्योंकि उसने वातावरण देखा था और वो शूट नहीं करना चाहती थी. लेकिन उन्होंने उसे जाने नहीं दिया जब तक उसने कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं कर दिया.' कृष्णा मुखर्जी ने बताया कि जब उन्होंने शो को छोड़ा था तो प्रोडक्शन टीम उनके पीछे दौड़ी थी. कुंदन ने उन्हें अभद्र बातें भी कही थीं. लेकिन ये पहली बार नहीं था जब कृष्णा मुखर्जी को सेट पर लॉक किया गया था. ऐसा पहले भी हुआ था और जब एक्टर शहजादा धामी ने उन्हें बचाया था. कृष्णा ने कहा, 'जब उन्होंने मुझे लॉक किया था, तब पर्ल ग्रे की असिस्टेंट आसमा ने मेरा हाथ पकड़ा था और कहा था कि मैं शूट नहीं करूंगी.

# तारा सुतारिया

## ने 'इंस्टाग्राम बनाम रियलिटी' वीडियो जारी किया, प्रशंसकों को शानदार फोटोशूट कराया



अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने विशाल प्रशंसकों के लिए एक शानदार 'इंस्टाग्राम वर्सेज रियलिटी' वीडियो पेश किया, जिसमें उनके हॉट फोटोशूट और पर्दे के पीछे वह वास्तव में क्या करती हैं, इसकी एक झलक दी गई है (बीटीएस)। इंस्टाग्राम पर 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' फेम अभिनेत्री, जिनके 8.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ने एक रील वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें एक फोटोशूट के लिए पारदर्शी काले रंग की पोशाक में पोज देते देखा जा सकता है। असेंबल वीडियो में आगे एक और फोटोशूट का बीटीएस दिखाया गया है जिसमें तारा ने सफेद ट्यूब टॉप और नीली डेनिम पहनी हुई है। वीडियो का अंत तारा द्वारा आइसक्रीम कप में गुलाब बनाने के साथ होता है। इसे कैप्शन दिया गया था: इंस्टाग्राम बनाम वास्तविकता पर आप क्या देखते हैं - एक छोटा पिल्ला जो आइसक्रीम के फूल बनाता है और दो साल के बच्चे की तरह लगता है ... महिला के लिए गुलाब? पियासुतारिया। काम के मोर्चे पर, तारा को आखिरी बार 2023 की सर्वाइवल थ्रिलर 'अपूर्वा' में देखा गया था। फिल्म में राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी भी हैं। इससे पहले वह 'एक विलेन रिटर्न्स', 'तड़प' और 'हीरोपंती 2' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# भारत में रिलीज को तैयार कोरिया की हॉरर फिल्म एक्सहुमा




पिछले कुछ वर्षों में भारत में कोरियाई नाटकों, फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। भारतीय अब हॉलीवुड की तुलना में कोरियाई नाटकों और फिल्मों पर अधिक ध्यान देते हैं। ऐसे में कोरियाई फैंस के लिए एक अच्छी खबर है. दरअसल, भारत में कोरियाई हॉरर ब्लॉकबस्टर एक्सहुमा रिलीज हो रही है। जी हां, भारतीय-कोरियाई प्रशंसक इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। जो अब जल्द ही पूरा हो जाएगा.

### पता करें कि एक्सहुमा कब रिलीज होगी

कोरियाई मिस्ट्री हॉरर ब्लॉकबस्टर एक्सहुमा भारत में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म 3 मई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ओल्डबॉय' स्टार चोई मिन-सिक, गोब्लिन अभिनेता किम गो-यून, 'फेम' स्टार ली डो-ह्यून और 'सीक्रेट मिशन' के यू ह्ये-जिन जैसे शीर्ष कोरियाई सितारों द्वारा अभिनीत, 'एग्हुमा' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। कोरिया में वर्ष की फि ल्म.


### क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म की कहानी की बात करें तो यह फिल्म एक अमीर परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका मुखिया एक रहस्यमयी कब्र खोदने के लिए जादूगरों की एक जोड़ी को काम पर रखता है। फिल्म 'एग्हुमा' भारत के प्रमुख शहरों के 75 सिनेमाघरों में अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ दिखाई जाएगी। एक्सखुमा का निर्माण भारत में इम्पैक्ट फिल्म्स द्वारा किया जाएगा। जंग जे ह्यून द्वारा निर्देशित। इम्पैक्ट फिल्म्स के संस्थापक अश्विनी शर्मा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि फिल्म को भारत में अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।

# लारा दत्ता रामायण में रोल निभा रही



बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता इस वक्त सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री अपनी नवीनतम रिलीज स्ट्रैटेजी: बालाकोट एंड बियॉन्ड का प्रचार कर रही हैं। सीरीज में लारा दत्ता की शानदार परफॉर्मेंस को खूब तालियां मिल रही हैं। ये एक्ट्रेस साउथ फिल्ममेकर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि लारा दत्ता रामायण में राजा दशरथ की पत्नी कैकेयी का किरदार निभाएंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने पहली बार फिल्म और अपने किरदार के बारे में बात की. जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह नितेश तिवारी की रामायण का हिस्सा हैं? तब लारा ने कहा कि मैं काफी समय से ऐसी खबरें पढ़ रही हूं और मुझे खुशी होती है... इसलिए कृपया ऐसी अफवाहें फैलाते रहिए... आखिर कौन नहीं चाहता कि वह रामायण का हिस्सा बनें? यहां तक कि जब लारा से उनके किरदार के बारे में पूछा गया तो वह गोलमोल जवाब देकर टाल गईं। एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा, ₹मैं कैकेयी, शूर्पणखा, मंदोदरी... सभी भूमिकाएं निभाती हूं। मोस्ट अवेटेड फिल्म थी नितेश तिवारी की रामायण. हर दिन स्टारकास्ट को लेकर दिलचस्प खुलासे हो रहे हैं। इस फिल्म से रणबीर कपूर साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। उनकी सह-कलाकार साई पल्लवी सीता की मां की भूमिका निभाएंगी। हाल ही में सेट से रणबीर कपूर और साई पल्लवी की तस्वीरें ऑनलाइन लीक हो गई थीं। फिल्म की स्टार कास्ट में साउथ और बॉलीवुड के कुछ अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इस बड़े बजट की फिल्म में सनी देओल भगवान हनुमान का किरदार निभाते नजर आएंगे। केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म अगले साल 2025 में दिवाली पर रिलीज हो सकती है।



बॉलीवुड में जब सबसे बेहतरीन जोड़ियों की बात होती है तो हाइमन धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की ड्रीम गर्ल को शामिल नहीं किया जा सकता। फैंस भी इस जोड़ी को खूब पसंद करते हैं. आज 2 मई को ये कपल अपनी 44वीं शादी की सालगिरह मना रहा है

# हेमा मालिनी और धर्मेंद्र सेलिब्रेट कर रहे हैं शादी की 44वीं सालगिरह

और ऐसे में उनके फैंस से लेकर उनके परिवार तक हर कोई इस कपल को बधाई दे रहा है. अब धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल ने भी अपने माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए एक खास पोस्ट शेयर किया है। ईशा देओल ने अपने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में आप धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की खूबसूरत तस्वीरें देख सकते हैं। तस्वीर में ड्रीम गर्ल धर्मेंद्र के कंधे पर सिर रखकर मुस्कुराती हुई पोज दे रही हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए ईशा ने कैप्शन में लिखा, "मेरे माता-पिता को सालगिरह की शुभकामनाएं." मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूँ और बस तुम्हें गले लगाना चाहता हूँ।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ



**फतेहपुर सीकरी/आगरा 1 मई।** बिल्ड फॉर सक्सेस डिग्री कॉलेज कराही फतेहपुर सीकरी में क्रिकेट टूनामेंट का विधि विधान से पूजा अर्चना कर अथिति गण भाजपा नेता के के भारद्वाज,पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया और उद्घाटन मैच फतेहपुर सीकरी एवं रायभा की टीम में हुआ अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय किया। टॉस रायभा की टीम ने जीता। कुल 40 टीमों ने निशुल्क पंजीकरण कराया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता के के भारद्वाज ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में आज युवा मोबाइल,लैपटॉप और वीडियो गेम से खेल अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। जबकि खेल से शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक विकास होता हैं। उन्होंने सभी से खेल भावना से खेलने का अनुरोध करते हुए शुभकामनाएं दी।

आयोजक कॉलेज प्रबंधक विश्वेंद्र कुमार सरपंच ने बताया कि सभी मैच कैमरा की निगरानी होंगे। प्रथम विजेता टीम को 21000 नगद और ट्रॉफी और द्वितीय विजेता टीम को 11000 नगद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

इस दौरान कॉलेज प्रबंधक विश्वेंद्र कुमार सरपंच, पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री, राजेंद्र शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार, शिशु प्रधान, दुर्गा प्रसाद शर्मा, भूदेव प्रसाद आदि प्रमुख सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

टी20 विश्व कपः

## ड्रॉप-इन पिचों को न्यूयॉर्क आयोजन स्थल पर स्थापना के लिए ले जाया जा रहा

न्यूयॉर्क। आगामी टी20 विश्व कप के लिए तैयार की गई ड्रॉप-इन पिचों को नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में स्थापित करने के लिए सेमी-ट्रेलर ट्रकों में फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है, आईसीसी ने मंगलवार को कहा।अन्य मैचों के अलावा, यह स्थान 9 जून को भारत-पाकिस्तान ग्रुप स्टेज मैच की भी मेजबानी करेगा।आईसीसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, दिसंबर के अंत से फ्लोरिडा में दस ड्रॉप-इन पिचें तैयार की गई हैं, जिसमें एडिलेड ओवल में एक दशक से अधिक समय से विकसित मालिकाना तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।पिचों का विकास एडिलेड ओवल टर्फ सॉल्यूशंस द्वारा किया गया है, जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध एडिलेड ओवल हेड क्यूरेटर डेमियन हफ ने किया है।"देशी ताहोमा 31 बरमूडा घास से तैयार की गई पिचों को फ्लोरिडा में एडिलेड ओवल टर्फ सॉल्यूशंस और यूएस-आधारित स्पोर्ट्स टर्फ विशेषज्ञ लैंडटेक ग्रुप द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित किया गया है, और पिछले तीन महीनों से निरंतर देखभाल और रखरखाव किया जा रहा।



# पंजाब किंग्स ने चेन्नई को 7 विकेट से हराया

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में पंजाब किंग्स अब अपने रंग में लौटती नजर आ रही है. इस टीम ने लगातार दूसरा मैच जीत लिया है. पंजाब ने बुधवार (1 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उसी के घर में मैच खेला, जिसमें 7 विकेट से धांसू जीत दर्ज की. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई टीम ने 7 विकेट पर 162 रन बनाए. चेन्नई ने धांसू शुरूआत की थी, लेकिन हरप्रीत बरार ने पारी के 9वें ओवर में दो विकेट लेकर कमर तोड़ दी. फिर चेन्नई ने 107 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए थे. टीम की हालत खराब नजर आ रही थी. मगर कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने टीम को संभालते हुए धांसू फिफ्टी जमाई. ऋतुराज 48 गेंदों पर 62 रन बनाकर आउट हुए. मगर उन्होंने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया था.

# दीपक चाहर की बहन मालती ने आलोचकों को जमकर लगाई लताड़



नई दिल्ली। दीपक चहल की बहन मारुति ने आलोचकों को आड़े हाथों लिया. दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए और इसके बाद उनकी आलोचना हुई। दीपक ने पारी के दौरान केवल दो गेंदें फेंकी और बाद में दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गये. दीपक ने पहली गेंद पर प्वाइंट मारा और अगली गेंद पर प्रबसिमरन ने कवर के लिए चौका लगाया। तीसरी गेंद फेंकने से पहले चहल को दौड़ते वक्त दर्द महसूस हुआ और उनके हाव-भाव बदल गए. उन्होंने कप्तान रुतोराज गायकवाड़ से बात की और फिर दर्द से कराहते हुए मैदान से बाहर चले गए। दीपक चहल की डेथ को शार्दुल ठाकुर ने पूरा किया.

### मार्टी ने अपने भाई का बचाव किया।

दीपक चहल के बार-बार चोटिल होने को लेकर काफी आलोचना हुई जिससे मारुति नाराज हो गए और उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. मार्ची ने कहा कि बेहतर होगा कि कोई उनके भाई की लगातार चोटों के लिए आलोचना करने के बजाय उनकी मजबूत वापसी का जश्न मनाए। मार्टी ने आधिकारिक एक्स नाम का उपयोग करते हुए कहाः सभी कॉलस को वहां से बाहर निकालो! किसी को भी इन चोटों से मजा नहीं आता. वह अपना सब कुछ देगा और मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।' कृपया बर्बरता रोकें।



# युजवेंद्र चहल का एलोन मस्क से उनके प्रसिद्ध पोज पर मजेदार अनुरोध

चेन्नई। राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने बुधवार, 1 मई को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मुकाबले के दौरान पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल द्वारा दिए गए उनके प्रतिष्ठित पोज पर एक्स सीईओ (पूर्व में ट्विटर) एलोन मस्क से एक हास्यास्पद अनुरोध किया।सीएसके की पारी के 16वें ओवर में समीर रिजवी के महत्वपूर्ण कैच का जश्न मनाते समय हर्षल ने युजवेंद्र चहल जैसा पोज दिया। हर्षल पटेल ने दौड़कर कगिसो रबाडा की गेंद पर रिजवी को आउट करने के लिए स्लाइडिंग कैच लपका। विकेट का जश्न मनाने के लिए तेज गेंदबाज तुरंत एक बेहतर पोज के साथ आया जो लगभग चहल के प्रतिष्ठित पोज के समान था।अपने प्रतिष्ठित पोज पर प्रतिक्रिया देते हुए, युजवेंद्र चहल ने मजाकिया अंदाज में मस्क से उनके पोज की नकल करने के लिए हर्षल पटेल पर कॉपीराइट लगाने के लिए कहा। प्रिय @एलोनमस्क पाजी, हर्षल भाई पर कॉपीराइट लगाना है।₹ चहल ने एक्स पर लिखा.

## 02 मई 2024 का राशिफल

**मेष राशि-** आज कार्यक्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक उर्जा के साथ कार्य करने की आपकी कोशिश सफल रहेगी. आप अपने विवेक से व्यवसाय में किसी बडे प्रोजेक्ट को प्राप्त करने में सफल रहेंगे. आर्थिक लाभ प्राप्त होगा. शत्रु पक्ष से सावधानी रखने की जरूरत है.

**वृषभ राशि-** आज आप किसी बडे. प्रोजेक्ट को प्राप्त करने में सफल रहेंगे. कार्यक्षेत्र में नया प्रोजेक्ट मिलने से मानसिक प्रसन्नता होगी. व्याव्साय में शत्रु पर विजय प्राप्त होगी. धन-धान्य का लाभ होगा. किसी को दिया गया पुराना धन अचानक प्राप्त हो सकता है.

**मिथुन राशि-** आज व्यय में अधिकता रहेगी. किसी अच्छे कार्य में पैसा खर्च करने से मानसिक शांति प्राप्त होगी. व्यापार में कठिनाईयां उत्पन्न होंगी. स्वास्थ्य लाभ होगा. धन-धान्य की प्राप्ति होगी. संतान का सहयोग प्राप्त होगा. भूमि में निवेश करने से लाभ होगा.

**कर्क राशि-** आज कार्यक्षेत्र में आज समय का सदुपयोग सही से करें, वरना कार्य का बोझ बढ़ सकता है. व्यापार में आर्थिक लाभ मनमुताबिक रहेगा. किसी खास कार्य को लेकर मित्रों पर अधिक विश्वास न करें. सहयोग तो मिल सकता है, लेकिन कुछ हानि भी हो सकती है.

**सिंह राशि-** आज कार्यक्षेत्र में आज मन में उत्साह बना रहेगा. सहकर्मी के साथ उत्तम समय व्यतीत करेंगे. व्यवसाय का विस्तार करना फलदायक रहेगा. परिवार के किसी सदस्य को मातृ सुख प्राप्त होगा. घर में प्रसन्नता का वातावरण बनेगा.

**कन्या राशि-** आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से प्रोत्साहन प्राप्त होगा. व्यापार में आज मानसिक रूप से कुछ परेशान आएंगे. प्रॉपर्टी आदि में आज निवेश करने से बचें. माता की स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंतित रहेंगे. मित्रों से सहयोग तथा साझेदारी से लाभ मिलेगा.

**तुला राशि-** आज कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त होने से मन में प्रसन्नता होगी. व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा तो नहीं है, किन्तु मनमुताबिक धन लाभ अवश्य होगा. परिवार का सुख और सहयोग प्राप्त होगा. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.

**वृश्चिक राशि-** आज कार्यक्षेत्र में आज का दिन आपके लिये उत्तम रहेगा. व्यापार में साझेदारी से लाभ मिलेगा. भूमि सम्बन्धी लाभ मिलेगा. मित्रों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य से प्रिय समाचार की प्राप्ति होगी. प्रियजन से मिलाप होगा.

**धनु राशि-** आज कार्यक्षेत्र से संबंधित भागदौड़ अधिक रहेगी. यात्रा में व्यय अधिक होने से चिंतित रहेंगी. व्यापार में धैर्य से काम लेने से सफलता प्राप्त होगी. धन में लाभ होगा. स्वास्थ्य भी थोड़ा असंतोषजनक रहेगा. काफी दिनों से अटके हुए कुछ काम आज पूर्ण होंगे.

**मकर राशि-** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के साथ बिठाकर कार्य करेंगे. व्यापार में लाभ की दृष्टि से आज का दिन तो सामान्य रहेगा, लेकिन कार्य में विस्तार से आत्मसंतुष्टि मिलेगी. दाम्पत्य सुख के साथ मित्रों का सहयोग और साझेदार से लाभ मिलेगा. शरीरिक स्वास्थ्य उत्तम रहेगा.

**कुम्भ राशि-** कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. व्यापार के साथ-साथ साझेदारी में नया कारोबार प्रारम्भ होगा, जिससे व्यापार में प्रगति होगी. धन का लाभ अच्छा होगा. संतान की शिक्षा पर धन खर्च अधिक होगा. धर्म कार्य सम्पन्न होंगे.

**मीन राशि-** आज कार्यक्षेत्र से संबंधित स्थान परिवर्तन के योग है. व्यापार में व्यस्तता अधिक होगी. मित्रों के साथ मनोरंजन के लिए छोटी यात्रा पर जा सकते हैं. धार्मिक कार्य सम्पन्न होंगे.

# प्रिल्यूड में हुआ कर्मचारियों का सम्मान

## मजदूर दिवस पर हुई विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने बताया श्रमिक दिवस का महत्व





एनएनआई

**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर हुई विशेष प्रार्थना सभा में कक्षा 9 की छात्रा देवांशी सिंह और यश्वी गुप्ता ने अभिनय वार्ता के जरिए श्रमिक दिवस मनाने के कारण और महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान नन्हे बच्चों ने एक विद्यालय के सुचारू संचालन में सहायक कर्मचारियों की भूमिका के महत्व को दशार्ते हुए नाट्य मंचन किया। कक्षा 9 के दक्ष नौहवार ने अपनी कविता से समाज में एक श्रमिक के योगदान की सराहना की। एंड्रोमिडा सदन के विद्यार्थियों ने सभी सहायक कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बैज देकर उनके द्वारा किए गए अथक परिश्रम और कर्मठता की सराहना की गई। मुख्य अतिथि उपश्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए श्रमिकों के अधिकार और कर्त्तव्य के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहाकि आज के परिदृश्य में श्रम और श्रमिक में कोई विशेष अंतर नहीं है। जो भी श्रम करके देश के विकास में सहायक बनते हैं, वे सभी श्रमिक हैं,चाहे वे वाइट कॉलर जॉब करें या ब्लू कॉलर जॉब। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव, प्रमुख समन्वयक संजय शर्मा के स्वागत और हार्दिक अभिनंदन से हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने विद्यालय के सभी कर्मचारियों के पिछले चौबीस वर्षों से विद्यालय के सफल संचालन में निष्ठापूर्वक सेवाएं देने के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आद्या सोनी और जसरीन कौर ने किया। इस मौके पर सहायक श्रमायुक्त राम आशीष, श्रम प्रवर्तन अधिकारी छत्रसाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मना श्रमिक दिवस



एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमला नगर में विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ सेवाकर्मी अशोक भैया और सबसे पुराने सेवाकर्मी हीरालाल भैया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अरविंद मिश्रा ने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए श्रमिकों के महत्व को समझाया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य किशन प्रकाश सारस्वत, ज्ञानेंद्र तिवारी, भूपेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, शिवेंद्र प्रताप सिंह, नारायण चतुर्वेदी, अमित गौड़ और विद्यालय परिवार के कर्मचारी और शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों ने बताई ऑन लाइन हाजिरी में आ रहीं दिक्कतें



एनएनआई

- अपर नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल को दिया समस्याएं दूर करने का आश्वासन

**आगरा।** सफाई कर्मियों को ऑन लाइन हाजिरी में आ रही दिक्कतों को लेकर उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मोहन गुलजार और हरीबाबू वाल्मीकि के नेतृत्व में स्मार्ट सिटी के सौरभ शर्मा और अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र प्रसाद यादव से मिला। इस दौरान विनोद इलाहाबादी ने बताया कि ऑन लाइन हाजिरी लगाने में भारी दिक्तों का कर्मचारियों को सामना करना पड़ रहा है।

ज्यादातर कनैक्टिविटी नहीं आना है। इसके अलावा रविवार को स्थाई और संविदा कर्मियों का अवकाश रहता है। आऊटसोर्सिंग कर्मचारी काम करते हैं। इसके बाद भी उन्हें गैरहाजिर दिखाया जा रहा है। नगर आयुक्त के आदेश हैं कि ऑन लाइन हाजिरी से ही वेतन आहरित होगा। ऐसी स्थिति में स्वच्छता निरीक्षक और जेडएसओ ही हाजिरी बिल को प्रमाणित नहीं कर रहे हैं। इससे एक तो कर्मचारियों के वेतन मिलने में अत्यधिक विलम्ब होगा। अपर नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त से बात कर इस माह की हाजिरी पूर्व की भांति जारी करने का आश्वासन दिया। साथ ही दिक्कतों को सुधारने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनीष चौहान, सोनू चौहान, रेशम सिंह चाहर, संजू चौहान, कामेश कुंज, शिवम दिलवारिया, दीपक चौहान, राहुल चौहान, अंकित चौहान, प्रशांत आजाद, अजीत चौहान, अनिल राजौरिया, सुमित चौहान, कुलदीप गौहर, राजेश चौहान, नवीन चंचल, भारत वाल्मीकि और रोहित विराट आदि मौजूद रहे।

